

नवभारत
भोपाल, सोमवार 9 मार्च, 2026

# देशभर से करीला पहुंचे लाखों श्रद्धालु

**खास बातें**
- माता जानकी दरबार में लगा मेला
- रंगपंचमी पर करीला में उमड़ा आस्था का जनसैलाब



नवभारत न्यूज

**सिरोंज 8 मार्च , रंगपंचमी के पर्व पर प्रसिद्ध करीला में आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा. इस मौके पर देशभर से लाखों श्रद्धालु प्रसिद्ध करीला पहुँचें एवं करीला में स्थित माता जानकी जी, लवकुश जी एवं महर्षि वाल्मीकि जी मंदिर में दर्शन कर आराधना की. करीला में रंगपंचमी पर प्रसिद्ध मेले का भी आयोजन हुआ. जिसमें देश के विभिन्न हिस्सों से आई नृत्यांगनाओं द्वारा राई बधाई नृत्य की प्रस्तुति दी गई.**

सिरोंज से करीब 45 कि.मी. की दूरी पर करीला में माता जानकी जी का प्रसिद्ध दरबार है. जहां पर पहाड़ी पर माता जानकी जी का प्राचीन मंदिर है. मंदिर में माता जानकी जी के साथ लवकुश जी एवं महर्षि वाल्मिकी जी भी विराजमान हैं. माता के इस प्राचीन दरबार में लोगों की अपार आस्था है. पिछले वर्षो की तरह इस बार भी रंगपंचमी पर प्रसिद्ध करीला में माता जानकी जी के दरबार में विशाल मेले का आयोजन किया गया. रंगपंचमी मेले में शामिल होने के लिये देश के विभिन्न हिस्सों से लाखों श्रद्धालु करीला पहुँचें. एवं माता जानकी जी के दरबार में दर्शन कर आराधना की. क्षेत्र में ऐसी मान्यता है कि मन्नत पूरी होने के उपलक्ष्य में श्रद्धालुओं द्वारा माता के दरबार में राई बधाई नृत्य कराया जाता है. रंगपंचमी पर आयोजित होने वाले मेले में विभिन्न क्षेत्रों की नृत्यांगनाओं द्वारा राई बधाई नृत्य की प्रस्तुतियां दी गई. इस मौके पर पहाड़ी पर रातभर पारंपरिक वाद्ययंत्रों के साथ राई बधाई नृत्य की प्रस्तुति हुई. देश के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में नृत्यांगनाऐं करीला पहुँची. एवं उनके द्वारा माता के दरबार में राई बधाई नृत्य किया गया. क्षेत्र में ऐसी मान्यता हैं कि प्रसिद्व करीला में ही महर्षि वाल्मिकी के आश्रम में लवकुश का जन्म हुआ था. माता जानकी से जुड़े इस कथानक के ऐतिहासिक प्रमाण तो नही हैं. परंतु क्षेत्र में ऐसी मान्यता हैं तथा जनश्रुतियां यही कहती है. मेले में बड़ी संख्या में आसपास के क्षेत्र के नागरिकों द्वारा बच्चों के मनोरंजन के सामानों के साथ ही प्रसादी एवं दैनिक उपयोग की वस्तुओं की दुकानें लगाई गई.

### रंगपंचमी पर वर्ष में एकबार होते हैं गुफा के दर्शन

रंगपंचमी पर श्रद्धालुओं ने करीला में बर्ष में एकबार रंगपंचमी पर होने वाले गुफा के दर्शन भी किए. यह गुफा माता जानकी जी के मंदिर के पास में ही है. तथा बर्ष में एकबार ही रंगपंचमी पर गुफा के दर्शन होते हैं. बर्ष में एकबार रंगपंचमी पर ही गुफा खुलती है. तथा उसमें लकड़ी डाली जाती हैं.

### प्रमुख मार्गों पर तैनात रही पुलिस व्यवस्था

करीला मेले में बड़ी संख्या में आने-जाने वाले वाहनों के कारण होने वाली यातायात समस्या को ध्यान में रखते हुऐ पुलिस द्वारा करीला पहुंच मार्गो पर व्यापक व्यवस्थाऐं की गई. क्षेत्र के करीला पहुॅच मार्ग पर पुलिस बल तैनात रहा. करीला मेले को लेकर आसपास के चौराहों एवं मार्गो पर पुलिस बल तैनात दिखाई दिया. करीला पहुंच मार्गो एवं चौराहो पर यातायात व्यवस्था के लिये पुलिस के जवान मौजूद रहे.

जिनपर पहुँचकर लोगों द्वारा जमकर खरीददारी की गई.

### श्रद्धालुओं को किया प्रसादी का वितरण

इस दौरान करीला पहुंच मार्गो पर विभिन्न समितियों एवं नागरिकों द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया. जिसमें करीला जाने वाले भक्तों को प्रसादी का वितरण किया गया. इस हेतु समितियों द्वारा व्यापक तैयारियां की गई थी. इस मौके पर सिरोंज क्षेत्र में भी भंडारे का आयोजन किया गया. जहां पर करीला जाने वाले भक्तों के लिए प्रसादी वितरित की गई.

### दिनभर लगी रही वाहनों की कतार

रंगपंचमी पर करीला में माता जानकी जी दरबार में दर्शन एवं माता जानकी जी दरबार में आयोजित होने वाले मेले को लेकर शनिवार से श्रद्धालुओं का करीला रवाना होने का क्रम शुरू हो गया था. जो रविवार को भी दिनभर जारी रहा. इस मौके पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु करीला की ओर जाते दिखाई दिए. नगर एवं आसपास के मार्गों पर दिनभर करीला की ओर जाने वाले वाहनों की कतार लगी रही. प्रमुख चौराहों पर सुबह से लेकर दिनभर वाहनों की करीला जाने के लिये कतार लगी दिखाई दी. जिसके फलस्वरूप रविवार को व्यस्त मार्गो से वाहनों का भारी आवागमन लगा रहा.

### जोर शोर से हुआ व्यवसाय

रंगपंचमी पर्व पर प्रसिद्ध करीला में माता जानकी जी दरबार में आयोजित होने वाले मेले में शामिल होने के लिये बड़ी संख्या में श्रद्धालु करीला की ओर रवाना होने के कारण नगर एवं आसपास के मार्गो एवं चौराहो पर स्थित चाय, नाश्ते आदि की दुकानों पर करीला जाने वाले श्रद्धालुओं की काफी भीड़ रही. जिससे दुकानदारों को फायदा हुआ. जिस कारण सुबह से लेकर शाम तक दुकानों पर लोगों के द्वारा खरीददारी के लिये भीड़ लगी रही.

# रंगपंचमी पर सड़कों पर मुस्तैद रही पुलिस करीला धाम जाने वाले वाहनों पर रखा नियंत्रण

**तेज रफ्तार वाहनों पर लगाम लगाने जगह-जगह लगाए बेरिकेड्स, शांतिपूर्ण माहौल में मनाया गया पर्व**



नवभारत न्यूज

**सांची 8 मार्च, रंगपंचमी के पावन पर्व पर नगर में लोगों ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर उल्लासपूर्वक त्योहार मनाया.पूरे नगर में रंगपंचमी का पर्व शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ. कहीं-कहीं युवाओं की टोलियां गुलाल उड़ाते और उत्सव का आनंद लेते दिखाई दीं.**

उल्लेखनीय है कि इन दिनों मुस्लिम समुदाय का पवित्र रमजान माह भी चल रहा है. ऐसे में पुलिस प्रशासन द्वारा पूर्व से ही सभी नागरिकों से सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाने की अपील की गई थी. नगरवासियों ने आपसी भाईचारे का परिचय देते हुए शांति और सद्भाव के साथ रंगपंचमी का पर्व मनाया.त्योहार के दौरान नगर से गुजरने वाले मुख्य मार्गों पर वाहनों की संख्या भी काफी अधिक रही. इस मार्ग से बड़ी संख्या में श्रद्धालु अपने छोटे-बड़े वाहनों से करीला धाम की ओर भी रवाना होते हैं, जहां रंगपंचमी के अवसर पर धार्मिक कार्यक्रमों और दर्शन के लिए हजारों की संख्या में लोग पहुंचते हैं. इसी कारण मार्ग पर यातायात का दबाव बना रहा.संभावित दुर्घटनाओं को ध्यान में रखते हुए स्थानीय पुलिस द्वारा नगर के प्रमुख चौराहों और मार्गों पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रखी गई.रायसेन तिराहा, होटल संबोधि चेक प्वाइंट, हेडगेवार मुख्य चौराहा तथा विदिशा रोड चौराहे सहित अन्य स्थानों पर पुलिस ने बेरिकेड्स लगाकर वाहनों की गति नियंत्रित की.तेज रफ्तार वाहन चालकों को धीमी गति से वाहन चलाने के निर्देश भी दिए गए.इसके साथ ही पुलिस की वाहन गश्ती भी पूरे दिन जारी रही, जिससे त्योहार के दौरान सड़क पर किसी प्रकार की अनहोनी न हो और यातायात व्यवस्था सुचारू बनी रहे.पुलिस की सतर्कता और नागरिकों के सहयोग से सांची में रंगपंचमी का पर्व शांति, उल्लास और आपसी भाईचारे के साथ संपन्न हो गया.

## छात्राओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाव की दी जानकारी

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** कुरवाई स्थित सीनियर कन्या छात्रावास में छात्राओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से परामर्श केन्द्र आयोजित किया गया.कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने छात्राओं को एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण के महत्व और इसके लाभों के बारे में जानकारी दी. उन्होंने बताया कि एचपीवी संक्रमण महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर का कारण बन सकता है, जिससे बचाव के लिए समय पर टीकाकरण जरूरी है.कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को टीकाकरण प्रक्रिया, इसके लाभ और स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों के बारे में भी जानकारी दी गई. छात्राओं ने विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी प्रश्न भी पूछे, जिनका विशेषज्ञों ने समाधान किया.

## भारतीय मजदूर संघ ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर मातृशक्ति का किया सम्मान

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** भारतीय मजदूर संघ जिला विदिशा के तत्वाधान में अंतर्राष्टीय महिला दिवस का कार्यक्रम बड़ी धूमधाम से मनाया महिला दिवस की मुख्य अतिथि ज्योति शाह पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विशिष्ट अतिथि मंजरी जैन प्रदेश प्रवक्ता भाजपा विशेष अतिथि हेमलता परिहार जिला सहसंयोजक महिला समन्वयक,श्रीमती लता चौहान राष्ट्र सेविका समिति नगर व्यवस्था प्रमुख विमलेश त्रिवेदी अनीता यादव सुमन सोनी उपस्थित सभी मातृशक्ति का फूल माला से स्वागत सम्मान किया. उपस्थित प्रमुख बहनों ने अपने विचार व्यक्त किये मंजरी जैन ने कहा कि आज भारत की नारी हर क्षेत्र में अपने आप को स्थापित करती हुई आगे बढ़ रही है खेत से लेकर प्लेन उड़ाने तक अपनी प्रतिभा से अपने आप को साबित किया है आज के दौर में हमारी बेटियों के साथ बेटों को संस्कारित करने की आवश्यकता है और बेटियों को संरक्षित करने की आवश्यकता है लव जिहाद के जाल से बचने की जरूरत है हम सबको जागरूक होने की जरूरत है मुख्य अतिथि ज्योति शाह ने संबोधित करते हुए कहा कि आज की नारी जिस प्रकार नकल एवं दिखावे की संस्कृति में पाश्चात्य संस्कृति मैं आकर अपनी धर्म संस्कृति को भूलना खतरे की घंटी है उनको संस्कार देने की आवश्यकता है.भारतीय मजदूर संघ के विभाग प्रमुख महेंद्र सोनी ने सभी मातृशक्ति का आभार व्यक्त किया.संगठन का गीत हेमलता त्रिवेदी ने लिया.मंच का संचालन रिंकी तिवारी ने किया. हेमलता त्रिवेदी अनीता यादव, ममता रघुवंशी, राधिका रघुवंशी ,संगीता कुशवाहा, सरिता कुशवाहा ,अर्चना यादव ,प्रीति जैन ,गंगावती ,लाखन सिंह जाट ,गोवर्धन सिंह ,चौहान मनीष वर्मा आदि मौजूद रहे.

**एक नजर में**

### डीएटीसीसी की बैठक आज

नवभारत न्यू

**विदिशा,** कलेक्टर अंशुल गुप्ता की अध्यक्षता में जिला पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद (डीएटीसीसी) की बैठक सोमवार 9 मार्च को आयोजित की जाएगी.बैठक कलेक्ट्रेट स्थित बेतवा सभागार में दोपहर 3 बजे शुरू होगी.इसमें सुरक्षा व्यवस्था, संवेदनशील स्थलों की निगरानी तथा विभिन्न विभागों के समन्वय जैसे मुद्दों पर चर्चा की जाएगी.सभी संबंधित अधिकारियों को अद्यतन जानकारी के साथ बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं.

### संक्रमण और टीकाकरण की दी जानकारी

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** गंजबासौदा के रसूलपुर स्थित नेताजी सुभाषचंद्र बोस बालिका छात्रावास में एचपीवी जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया.स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने छात्राओं को एचपीवी वायरस से होने वाले संक्रमण और उससे बचाव के उपायों के बारे में बताया. उन्होंने कहा कि समय पर टीकाकरण से सर्वाइकल कैंसर के खतरे को काफी हद तक कम किया जा सकता है.कार्यक्रम में छात्राओं को व्यक्तिगत स्वच्छता, संतुलित आहार और नियमित स्वास्थ्य जांच के महत्व के बारे में भी जानकारी दी गई.

## नए आयकर अधिनियम 2025 पर जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन



नवभारत न्यूज

**विदिशा,** आयकर विभाग द्वारा करदाताओं और कर सलाहकारों को नए आयकर अधिनियम, 2025, वित्त विधेयक 2026 एवं लघु करदाताओं की विदेशी संपत्ति के प्रकटीकरण की योजना, 2026 के प्रावधानों से अवगत कराने के उद्देश्य से शनिवार, 7 मार्च को राजावत होटल, विदिशा में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में आयकर विभाग के अधिकारियों तथा टैक्स लॉ बार एसोसिएशन के सदस्यों की महत्वपूर्ण उपस्थिति रही.

कार्यक्रम में आयकर अधिकारी, विदिशा श्री पवन कुमार, आयकर अधिकारी, बैतूल देवेंद्र गर्ग तथा आयकर अधिकारी, रायसेन पी. एम. सक्सेना सहित आयकर विभाग के अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया. अधिकारियों द्वारा उपस्थित कर सलाहकारों, अधिवक्ताओं एवं करदाताओं को नए आयकर अधिनियम 2025, जो कि 1 अप्रैल 2026 से लागू होने वाला है, की प्रमुख विशेषताओं एवं प्रावधानों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई.कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने बताया कि नए आयकर अधिनियम का उद्देश्य कर प्रणाली को अधिक सरल, पारदर्शी और करदाताओं के लिए सहज बनाना है। इसमें कई जटिल प्रावधानों को सरल भाषा में प्रस्तुत करने तथा अनावश्यक धाराओं को हटाकर कर कानून को अधिक व्यवस्थित बनाने का प्रयास किया गया है.

## एसएटीआई के छात्रों ने बनाया राहवीर विदिशा एप, मुख्यमंत्री ने किया सम्मानित



नवभारत न्यूज

**विदिशा, सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली जनहानि को कम करने के उद्देश्य से भारत सरकार एवं मध्यप्रदेश शासन द्वारा राहवीर योजना संचालित की जा रही है, जिसके अंतर्गत सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को 1.5 लाख रुपये तक का नि:शुल्क उपचार उपलब्ध कराया जाता है.**


इसी भावना से प्रेरित होकर मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में विदिशा पुलिस द्वारा राहवीर विदिशा मोबाइल एप तैयार कराया गया, जो सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को तत्काल सहायता उपलब्ध कराने में सहायक सिद्ध होगा. इस एप को पूर्णत: नि:शुल्क विकसित करने में सम्राट अशोक टेक्नोलॉजिकल इंस्टीट्यूट महाविद्यालय के इंजीनियरिंग छात्रों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है.कार्यक्रम के दौरान य मुख्यमंत्री महोदय द्वारा मोबाइल एप तैयार करने वाले इन युवाओं को सम्मानित भी किया गया. संस्था के जनसंपर्क अधिकारी डॉ. आशीष मनोरिया ने जानकारी देते हुए बताया कि हेमंत सिंह राठौर, शिवांश चौहान,तनिष राय,वेदांशी दुबे, रीतिका जैन, अंकित चौहान ,प्रांजल ठाकरे, पुष्कर शर्मा ये छात्र कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विभाग के है.जिन्होंने मोबाइल एप्लीकेशन को डॉ. सुनील जोशी एवं एएसपी श्री प्रशांत चौबे के मार्गदर्शन में डेवलप किया है.

## ई-अटेंडेंस के आधार पर होगा वेतन भुगतान

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देश पर जिले के सभी शासकीय कार्यालयों में अधिकारियों और कर्मचारियों की उपस्थिति के लिए समय सीमा तय की गई है.अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर ने बताया कि कार्यालय का समय सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक निर्धारित किया गया है और सभी कर्मचारियों को सुबह 10 बजे तक अनिवार्य रूप से उपस्थित होना होगा.मार्च 2026 से शासकीय कर्मचारियों का वेतन ई-अटेंडेंस रिपोर्ट के आधार पर ही जारी किया जाएगा, जिससे कार्यप्रणाली में पारदर्शिता और अनुशासन बढ़ेगा.

## रंगोत्सव पर भी जारी रहा साप्ताहिक श्रमदान अभियान



नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा,** जहां एक ओर नगर में रंगों का उत्सव उल्लास और उमंग के साथ मनाया जा रहा था, वहीं दूसरी ओर नदी के घाट पर एक अलग ही दृश्य दिखाई दे रहा था. दृश्य था श्रमदान का, क्यों कि श्रमदान दल के युवा रंगों में नहीं, बल्कि नदी की सेवा में कीचड़ और गाद से सने हुए दिखाई दे रहे थे.साप्ताहिक श्रमदान अभियान 5.0 के अंतर्गत आयोजित बाईसवें सप्ताह के स्वच्छता कार्यक्रम में श्रमदान दल के सदस्यों ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया कि सेवा और संकल्प के आगे पर्व और उत्सव भी बाधा नहीं बन सकते. रंगपंचमी का त्योहार भी इन युवा श्रमदानियों के कदमों को घाट की ओर बढ़ने से नहीं रोक पाया.प्रात:काल से ही दल के सदस्य नदी घाट पर एकत्रित हुए और स्वच्छता अभियान की शुरुआत की.घाट किनारों पर बिखरे प्लास्टिक, पॉलीथिन, कपड़े, पूजा सामग्री के अवशेष और अन्य कचरे को एकत्रित कर बाहर निकाला गया. इसके साथ ही कुछ सदस्य कमर तक पानी में उतरकर नदी के प्रवाह क्षेत्र में फंसे कचरे और जलकुंभी को हटाने में जुटे रहे। कई घंटों की मेहनत के बाद बड़ी मात्रा में कचरा नदी से बाहर निकाला गया. यह दृश्य अपने आप में एक सशक्त संदेश दे रहा थाकि जहाँ लोग शिक्षित होने के बाबजूद लापरवाही से नदी को प्रदूषित करते हैं, वहीं कु छ लोग अपने श्रम और समय से उसे स्वच्छ और जीवंत बनाए रखने का प्रयास भी कर रहे हैं। क्यों कि आधुनिकता और शिक्षा का दावा करने वाला समाज यदि अपनी जीवनदायिनी नदी को ही स्वच्छ रखने में असफल हो जाए, तो यह एक गंभीर प्रश्न खड़ा करता है। आज समय निरंतर आगे बढ़ रहा है, लेकिन प्रश्न अब भी वहीं खड़ा है.बाईसवें सप्ताह में श्रमदान करने पहुंचे दल के सदस्य अंशुल शर्मा, राकेश रघुवंशी, रुद्रांश सिंह राजपूत, दीपेश शर्मा, दिनेश चौरसिया, राहुल कुशवाह, कुलदीप दांगी आकाश जैन आदि शामिल थे.

**आयोजन** | **राधाजी मंदिर में मना फाग उत्सव, फूलों की होली खेली**

# रंगपंचमी पर निकले भव्य जुलूस, रंगों की बौछार से लाल गुलाबी हुए लोग



नवभारत न्यूज

**विदिशा, वर्ष में एक बार दर्शन के लिए खुलने वाले राधाजी मंदिर राधिका कुंज में फागोत्सव मनाया गया और फूलों की होली खेली गई. नंदवाना की वृंदावन गली में स्थित राधाजी मंदिर में राधारानी के भक्तों ने इस आयोजन में सम्मिलित होकर भक्तिभाव के साथ उत्सव मनाया. इस अवसर पर भजनों का भी आनंद लिया.**

मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित राकेश शर्मा ने बताया कि प्रतिवर्ष अनुसार इस बार भी होली उत्सव का आयोजन किया गया. इस आयोजन के लिए वृंदावन से विशेष रूप से सुगंधित रंग और गुलाब, गेंदा, पलाश, मोगरा आदि के फूल मंगाए गए थे.राधाजी की रंग, गुलाल और पुष्प अर्पित करने के बाद राधाजी भक्त मंडल और सभी श्रद्धालुओं ने मंदिर परिसर में फूलों की होली खेली.आयोजन प्रसादी एवं ठंडाई वितरित की गई.उन्होंने बताया कि वृंदावन में औरंगजेब की सेना की आक्रमणों से बचाकर लगभग तीन सौ वर्ष पूर्व लाए गए राधाजी के विग्रह की गुप्त पूजा अर्चना इस मंदिर में होती है. परंपरागत रूप से वर्ष में एक बार राधाष्टमी के दिन ही मंदिर के पट सभी श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए खोले जाते हैं। वर्ष भर पुजारी ही राधाजी की पूजा करते हैं.

### सिरोंज में रंगपंचमी पर जमकर उड़ा अबीर गुलाल

सिरोंज में रविवार को चारो ओर रंगपंचमी पर्व का उत्साह दिखाई दिया. इस मौके पर लोगों ने एक दूसरे को रंग, गुलाल लगाकर पर्व की शुभकामनाऐं दी. सिरोंज में रंगपंचमी का जुलूस भी निकाला गया. जो नगर के मुख्य मार्गो से होकर निकला.सिरोंज में रविवार को रंगपंचमी के त्यौहार पर सुबह से ही होली खेलने को लेकर लोगों में खासा उत्साह दिखाई दिया. लोगों ने एक दूसरे को रंगों के साथ ही अबीर गुलाल लगाया. सिरोंज में इस वर्ष भी रंगपंचमी पर्व पर जुलूस निकाला गया. जो शहर के मुख्य मार्गो से होकर निकला. जिसमें बड़ी संख्या में हुरियारे सम्मिलित हुए. जिन्होंने एक दूसरे को रंग एवं गुलाल लगाकर होली खेली. साथ ही होली के गीतों पर उत्साही युवा जमकर झूमते, नाचते हुए चल रहे थे. इस दौरान लोगों ने अपने घरों की छत से जुलूस में शामिल लोगों पर रंग डालकर होली खेलने का आनंद लिया.

### गंजबासौदा में नपा ने निकाला जुलूस

गंजबासौदा में रंग पंचमी पर नगर पालिका परिषद द्वारा शहर में भव्य रंगारंग जुलूस निकाला गया गांधी चौक स्थित श्री राम जानकी मंदिर में पूजा अर्चना नगरपालिका परिषद अध्यक्ष श्रीमती शशि अनिल यादव, वरिष्ठ पार्षद वरिष्ठ पार्षद सौदान सिंह यादव, एसडीएम, तहसीलदार सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव द्वारा की गई मंत्रोचार नगर गुरु पंडित केशव शास्त्री द्वारा विधि विधान से किया गया. इस अवसर पर नगर पालिका परिषद के पार्षद तथा कर्मचारी मौजूद थे.रंग पंचमी का रंगारंग जुलूस गांधी चौक से सदर बाजार होता हुआ सावरकर चौक पहुंचा यहां से हनुमान चौक जय स्तंभ चौक होता हुआ रेलवे स्टेशन स्थित हनुमान मंदिर के प्रांगण में समापन हुआ.

जुलूस कस्टम पथ से शुरू होकर कठाली बाजार, सर्राफा बाजार, कपड़ा बाजार, चॉदनी चौक, सिनेमा चौराहा, छोटा बाजार, राज बाजार, नपा कार्यालय होते हुऐ जय स्तंभ चौक हाजीपुर पहुॅचकर समापन हुआ. इस दौरान हिन्दू उत्सव समिति के सदस्यों के साथ ही समाजसेवी, जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक मौजूद रहे.

## अखिल भारतीय जैन युवा व महिला फेडरेशन ने की धार्मिक स्थलों की यात्रा

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** अखिल भारतीय जैन युवा व महिला फेडरेशन विदिशा के संयुक्त तत्वाधान में सात दिवसीय चैन्नई (तमिलनाडु समीप श्री कुन्द-कुन्द आचार्य देव की. तपरस्थली पन्नूर मलय व अरिहंत गिरी, जिनजी , तिरुपति कुंद्रम पॉन्डिचेरी व आस-पास के दर्जनों तीर्थ स्थलों की मंगलमय यात्रा सम्पन्न की ।फेडरेशन प्रवक्ता शोभित जैन ने बताया कि यात्रा में 70 से अधिक संख्या में सदस्य शामिल हुए.यात्रा के संयोजक युवा फेड. विदिशा के महामंत्री अक्षय सिंघई एवं महिला फेडेरेशन विदिशा की अध्यक्षा श्रीमति श्रद्धा जैन रहीं. यात्रा के दौरान श्रुति जैन खैरागढ़ ने आध्यात्मिक एवं मनोरंजक खेलों के माध्यम से सभी यात्रियों को उत्साहवर्धन किया, राजकुमार जी प्रिंस द्वारा अध्यात्मिक भक्ति हुई, वहीं संजय जैन पारसमहल ने समन्वयक की महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया. श्री कुंद कुंद संस्कृति सेंटर पोनूर मेले में चार दिवसीय शिविर का भी आयोजन किया गया.

## सवा लाख रुद्री निर्माण, शिवाभिषेक और भक्तमाल कथा से गूंजेगा नौलखी

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा,** वेत्रवती घाट स्थित नौलखी तपोवन आश्रम में भगवान महाप्रभु जगन्नाथ जी एवं भगवान सीताराम जी की प्राण-प्रतिष्ठा के द्वितीय पाटोत्सव को लेकर आश्रम परिसर में भक्ति और उत्साह का वातावरण बनने लगा है। आयोजन की तैयारियों को लेकर आज रविवार 8 मार्च को शाम 4 बजे श्री विजय हनुमान मंदिर, नौलखी आश्रम में विशेष बैठक आयोजित की गई.नौलखी तपोवन आश्रम समिति के नगेंद्र उपाध्याय ने बताया कि भगवान महाप्रभु जगन्नाथ जी एवं भगवान सीताराम जी की प्राण प्रतिष्ठा के पाटोत्सव के पावन अवसर पर आश्रम परिसर में नव दिवसीय धार्मिक आयोजन संपन्न होंगे.जहां 19 से 27 मार्च तक प्रतिदिन सवा लाख रुद्री निर्माण, शिव अभिषेक एवं शिवार्चना का आयोजन किया जाएगा.यह अनुष्ठान प्रतिदिन विद्वान वैदिक ब्राह्मणों के सानिध्य में सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक वेद मंत्रों की पावन ध्वनि और श्रद्धालुओं की उपस्थिति में संपन्न होगा. श्री उपाध्याय ने बताया कि 21 से 27 मार्च तक अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक, भागवताचार्य एवं ज्योतिषाचार्य पंडित डॉ. अभिषेक कृष्ण शास्त्री (श्रीधाम वृंदावन) द्वारा भक्तमाल कथा का वाचन किया जाएगा.कथा प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से नौलखी आश्रम परिसर में आयोजित होगी, जिसमें संत परंपरा की भक्ति, त्याग और सेवा की प्रेरणादायी भक्तों की गाथाएं सुनाई जाएंगी.उक्त समस्त धार्मिक आयोजन नौलखी तपोवन आश्रम के श्रीमहंत राम मनोहर दास जी महाराज के सानिध्य एवं मार्गदर्शन में संपन्न होंगे. आश्रम समिति ने श्रद्धालुओं, भक्तों एवं धर्मप्रेमियों से मुझे हनुमान मंदिर नौलक्खी आश्रम पर तैयारी में संबंधी आयोजित बैठक में बैठक में उपस्थित होकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की है.